वर्ष	(मूल्य करोड़ रुपए में) निर्यात
1985-86	34.79
1986-87	23.95
1987-88	41.41
1988-89	38.82
1989-90	46 18

(स्रोत मूल रसायन, भेषज और प्रसाधन सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई)

(ख) ईसबगोल की भूसी से प्राप्त निर्यात आय में वर्ष 1986-87 के दौरान कमी आई है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उपलब्धता, मांग और उत्पाद कीमत शामिल है ।

सीलियम हस्क का निर्यात मूल्य

1027. डा० अबरार अहमद खान : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने जुलाई, 1989 में सीलियम हस्क का न्यूनतम निर्यात मूल्य निर्धारित किया था; यदि हां,तो इस संबंध में क्या मानदण्ड अपनाए गए थे और इसके पीछे क्या उद्देश्य थे और 31 मार्च, 1990 तक उक्त नियम मूल्यों पर कितने मूल्य के सीलियम हस्क का निर्यात किया गया; और

(ख) क्या यह भी सच है कि सीलियम हस्क पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लागू करने के पश्चात् उसके निर्यात में कमी आई है; और यदि हां, तो किस सीमा तक ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरंगिल श्रीधरन) : (क) और (ख) सरकार को अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें यह कहा गया है कि ईसबगोल के किसानों को लाभकारी कीमत नहीं मिल रही है और निर्यात लाभप्रद स्थिति में होते हुए भी विदेशी मुद्रा आय को अनुकूलतम नहीं बना पा रहे हैं । इन अभ्यावेदनों और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि निर्यात मात्रा अनुकूलतम होना चाहिए, दिनांक 7.7.1989 से न्यूनतम निर्यात कीमत (ए० ई० पी०) आरंभ की गई है । बेसिक कैमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स एंड काल्मेटिक्स प्रमोशन कौंसिल (केमेक्सिल) से प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, एम ई पी आरंभ होने के बाद से मूल्य वसूली और निर्यातकों में वृद्धि हुई है । वर्ष 1989-90 के दौरान 46.1 करोड़ रुपये मूल्य की ईसबगोल भूसी/बीज/पाउडर का निर्यात हुआ जबकि वर्ष 1988-89 के दौरान इनका 38.32 करोड़ रु० मूल्य का निर्यात हुआ था ।

Facilities to pilgrims visiting places of plgrimage

1028. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of TOURISM" be pleased to state:

(a) whether Government have decided to provide a number of facilities to pilgrims visiting various places of pilgrimage in the country;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether these facilities are also available to lower and middle class pilgrims;

(d) if so, what are the details thereof category-wise;

(e) whether Government propose to provide some more facilities in lower and middle class pilgrims; and

(f) if so, what are the details thereof and if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OP STATE IN THE MINISTRY OP TOURISM (SHRI SATYA PAL MALIK): (a) to (f) Provisioning of facilities at pilgrim centres in the country is primary the responsibility of State Governments. However, the Central Government of Tourism extends financial assistance to State Governments on their specific proposals to augment infrastructural facilities, like, Yatri Niwases and Yatri-